फर्द अहकाम

नियम– 26

आज अदालत उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) भादरा मुकाम भादरा

साहबराम बनाम बलवन्त आदि

किस्म मुकदमा :–212 आरटीएक्ट) मुकदमा नम्बर :–103/13.12.2022 सन :– 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख फर्द अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुआ
13.12.2022	आज यह स्थगन प्रार्थना पत्र प्रार्थी/प्रार्थीगण ने जरिये अधिवक्ता प्रस्तुत किया गया प्रार्थना पर सिगेदार की रिपोर्ट होने के बाद प्रकरण/प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया गया। स्थगन प्रार्थना पत्र पर वकील प्रार्थीगण की एक पक्षीय बहस सुनी गई वकील प्रार्थीगण की बहस एव प्रस्तुत दस्तावेज , शपथ पत्र से सन्तुष्ट होकर अप्रार्थीगण के विरूद्व इस अमर की अस्थाई निषेधाज्ञा आगामी तारीख पेशी तक जारी की जाती है कि रोही मौजा चक 1 डीपीएन के खाता संख्या 85/20 की कुल 4.8070हैक्ट जिसमें वादी साहबराम का 961/24035 हिस्सा व खाता संख्या 138/44 की कुल 2.5680हैक्ट जिसमें वादी साहबराम का 1/8 हिस्सा तथा खाता संख्या 31/136 की कुल 0.253हैक्ट जिसमें वादी साहबराम का 267/6325 हिस्सा भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज में वादी साहबराम को काश्त करने में किसी भी प्रकार की बाधा/रूकावट उत्पन्न नही करे तथा रोही मौजा चक 1 डीपीएन के खाता संख्या 85/20 की कुल 4.8070हैक्ट भूमि में स्थापित टयुबवैल से सायल व उसके भाईयो को अपने हक हिस्सा की भूमि में सिचाई करने से अप्रार्थीगण नही रोके। बैक ऋण (रोडा एक्ट) , रास्ता , खाला विवाद, वाप्कोस कार्य DILRMP कार्य पर उक्त अस्थाई निषेधाज्ञा लागू नही होगी वकील प्रार्थीगण तामिल हेतु सात दिवस में रजिस्टर्ड डाक की रसीद पेश करे एव आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना सुनिश्चित करे अन्यथा अस्थाई निषेधाज्ञा स्वतः ही निरस्त समझी जावेगी। इस सम्बध में अप्रार्थीगण को किसी प्रकार का उज एतराज हो तो असालतन या वकालतन न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करे अप्रार्थीगण की तलबी हेतु रजिस्ट्रर्ड नोटिस एवं साधारण नोटिस से तलब किया जाकर पत्रावली दिनांक 23.01.2023 को पेश हो।	
23/1/23	पत्रावली पेश हुई वकील प्रार्थी उपस्थित पत्रावली अप्रार्थी की तलबी हेतु दिनांक 23/3/23 को पेश हो।	
24/03/23	दिनांक 23/03/23 को [illegible] होने पर पत्रावली आज पेश हुई [illegible] अन्य [illegible] पत्रावली एडजर्नमेंट दिनांक 24/5/23 पेश हो।	
24/05/23	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। पत्रावली अप्रार्थी की तलबी हेतु दिनांक 02/08/23 को पेश हो।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalpit Shivram
Date: 2025.08.06 16:39:31 IST
Reason: SelfAttested

हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज
6.8	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी अनु.। प्रार्थी स्वयं अनुपस्थित। आवाज लगाई गई। बार-2 आवाज लगाने पर भी वकील प्रार्थी एवं प्रार्थी स्वयं हाजिर नहीं आये। अतः पत्रावली अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम कर दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2025.08.06 16:39:31 IST
Reason: SelfAttested